उत्तर प्रदेश शासन

पर्यटन अनुभाग

संख्या-102/2016/1541/41-2016-31 यो0/16

लखनऊ दिनांक 01 सितम्बर, 2016

शासनादेश संख्या-77/2016/1118/41-16-31 यो0/2016, दिनांक 27 जून, 2016

का शुद्धि-पत्र

वित्तीय वर्ष 2016-17 में जिला योजना के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों की योजनाओं के पर्यटन विकास/निर्माण कार्यों हेतु कुल 56 जिला योजनाओं हेतु धनराशि रू0 490.19 लाख (रू0 चार करोड नब्बे लाख उन्नीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-77/2016/1118/41-16-31 यो0/2016, दिनांक 27 जून, 2016 द्वारा निर्गत की गयी है। प्रश्नगत शासनादेश के क्रमांक-50 पर अंकित जनपद गाजीपुर के दिलदारनगर में माई जी की कुटिया में 8 सीटेड सार्वजनिक सुलभ शौचालय के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर को नामित करते हुये रू0 20.53 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2- उक्त शासनादेश के क्रमांक-50 पर अंकित जनपद गाजीपुर के दिलदारनगर में माई जी की कुटिया में 8 सीटेड सार्वजनिक सुलभ शौचालय के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था सुलभ इन्टरनेशनल सर्विस आर्गेनाइजेशन, लखनऊ के स्थान पर **त्रुटिवश** ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर अंकित हो गया है। अतः सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 27 जून, 2016 के क्रमांक-50 पर अंकित प्रश्नगत योजना हेतु कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर **के स्थान पर कार्यदायी संस्था सुलभ इन्टरनेशनल सर्विस आर्गेनाइजेशन, लखनऊ पढा जाय।**

सम्बन्धित शासनादेश में अंकित अन्य शर्ते व उपबन्ध यथावत रहेंगे।

उक्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

संख्या-102/2016/1541(2)/41-2016-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0 लखनऊ।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
4- मण्डलायुक्त, इलाहाबाद/वाराणसी/आजमगढ एवं फैजाबाद।
5- जिलाधिकारी, इलाहाबाद/गाजीपुर/मऊ/सुल्तानपुर/ चन्दौली एवं अमेठी।
6- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8- कोषाधिकारी, इलाहाबाद/गाजीपुर/मऊ/सुल्तानपुर/ चन्दौली एवं अमेठी।
9- मानद नियंत्रक, सुलभ इन्टरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाइजेशन, लखनऊ ।

http://shasanadesh.up.nic.in

10- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गाजीपुर।

11- अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी, परियोजना प्रबन्धक सी0 एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम यूनिट-44, फैजाबाद, परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, अमेठी एवं इलाहाबाद।

12- क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, इलाहाबाद/वाराणसी/फैजाबाद।

13- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7

14- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।

15- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in